प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल होने वाली 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिये पहुंचे वाराणसी : चार राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में लेंगे हिस्सा।
2. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नोएडा में राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन का किया शुभारंभ : कहा– नवाचारों का अपनाकर सकारात्मक बदलाव लाएं छात्र।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही में विकास कार्यों की समीक्षा की : कहा– यहां के हस्तशिल्प ने प्रदेश और देश को दुनिया भर में दिलाई खास पहचान।

और

4. राष्ट्र आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें अर्पित कर रहा है श्रद्धांजलि।

——————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। श्री शाह कल 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक कल सुबह 11 बजे से शुरू होकर करीब 2 बजे तक चलेगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव

साय समेत अन्य मंत्री व अधिकारी हिस्सा लेंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ– साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री, मुख्य सचिव और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में हिस्सा लेने के लिये पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बैठक में राज्यों के विकास पर चर्चा की जायेगी। बाइट......*

*इसमें हमारे अनेक मुद्दे होते है जो अपने राज्यों से संबंधित होते हैं। विकास के मुद्दे होते हैं। भारत सरकार से जुड़े हुए हैं। उन सभी पर आपसी सहमति के आधार पर बात होती है। परस्पर एक दूसरे राज्यों का सहयोग हो। एक दूसरे के विकास में सहयोगी बने और जो भी चुनौतियां देश के सामने हैं, उन सभी चुनौतियों पर हम सब लोग मिलकर काम करें।*

*मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। इसमें बनारसी ज़रदोज़ी, गुलाबी मीनाकारी, ग्लासबीड्स वर्क, वुड कार्विंग आदि से बने सुंदर उत्पाद प्रदर्शित किए यह आयोजन न केवल इन उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहित करेगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

——————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन का शुभारंभ किया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के लगभग तीन सौ विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति हमारी सभ्यता और मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि छात्र ज्ञान को सिर्फ

डिग्री तक ही सीमित न रखें बल्कि नवाचारों को प्राथमिकता देकर सकारात्मक बदलाव लाएं। श्री धनखड़ ने उत्तर प्रदेश में स्कूली शिक्षा में हुए सुधार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईटी सेक्टर का भी तेज़ी से विकास हुआ है, जिससे प्रदेश को नई पहचान मिल रही है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद ने विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री के विकास के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी । इनमें सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज—मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण समेत अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही के हस्तशिल्प ने प्रदेश और देश को दुनिया भर में पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि देश में एक्सपोट में 60 फीसदी योगदान उत्तर प्रदेश का है, जिसमें भदोही की भूमिका प्रमुख है। बाइट....

*जो कारपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था? आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से यहां के हस्तियों को प्रोत्साहन दिया गया। आज उसका परिणाम है यहां का कारपेट उद्योग न केवल उत्तर प्रदेश में प्रदेश में भी एक्सपोर्ट में 60 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश का उत्तर प्रदेश में जो है उसमें 60 प्रतिशत से अधिक शेयर अकेली जनपद का। कारपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था?*

*आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से यहां के हस्तियों को प्रोत्साहन दिया गया। यहां का कारपे ट उद्योग न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि देश में भी एक्सपोर्ट में 60 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश का उत्तर प्रदेश में जो है उसमें 60 प्रतिशत से अधिक शेयर अकेली जनपद का। इसे जी आई टैग भी मिल चुका है।*

——————

केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने आज आकांक्षी जनपद बलरामपुर में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर श्री मोहोल ने कहा कि देश के पिछड़े जिलों का विकास सुनिश्चित करने के लिए इन्हें आकांक्षी जनपदों के तौर पर चिन्हित किया गया था। उनमें शामिल बलरामपुर आज विकास के मामले अग्रणी ज़िला बन चुका है। बाइट....

*112 चयनित जिलों में विकास का काम हुआ स्वास्थ्य का काम हो, शिक्षा का काम हो। इसको अलग तरह से देखा गया और उस पर विशेष प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किए गए तो मुझे बहुत खुशी है कि एक सौ बार जो डिस्ट्रिक्ट पूरे देश में चुने गए, उसमें हमारा बलरामपुर जो डिस्ट्रिक्ट है। वह पिछले 6 साल में ऐसी प्रगति यहां पर हुई है। एक नंबर पर भी पहले क्रमांक पर हमारा बलरामपुर आता है।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम देश के अल्पसंख्यक समुदायो के सशक्तिकरण, अवसर और सुधार के माध्यम से समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक रिपोर्ट....

*पिछले एक दशक में सरकार ने शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 18 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए एक लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए। ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025, और उम्मीद पोर्टल ने पारदर्शिता और शासन को मजबूत किया, जिससे वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त, बौद्ध विकास योजना और जियो पारसी जैसी अन्य जैसी योजनाओं ने संस्कृति को संरक्षित करके, शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देकर विभिन्न समुदायों की अनूठी जरूरतों को पूरा किया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सर फिरोजी।*

——————————

समाजवादी पार्टी ने अपने 3 बागी विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में

समाजवादी पार्टी की तरफ से कहा गया है कि पार्टी की मूल विचारधारा के खिलाफ जाने के कारण गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

————————

<u>पॉलीटेक्निक–परीक्षा परिणाम</u>

प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा –2025 का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया। परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर देखा जा सकता है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ मुखर्जी के एकजुट और सुरक्षित भारत के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर साकार किया है। बाइट....

*डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में जो सपना देखा था एक भारत का अखंड भारत का सुरक्षित भारत का प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 5 अगस्त 2019 को कश्मीर में धारा 370 समाप्त हुई  जम्मू कश्मीर भारत के*

*लोकतांत्रिक मूल्यों आदर्शों के साथ भारत के संविधान की भावनाओं के अनुरूप भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करना है।*

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने भदोही में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदश दिया। इसी क्रम में प्रदेश भर में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारजनों ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया।

————————

अर्जुन अवार्डी ओलिंपियन ललित उपाध्याय ने अंतराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की है। हालांकि वह घरेलू मुकाबले खेलते रहेंगे। वाराणसी के ललित टोक्यो और पेरिस ओलिंपिक में ब्रांज मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।

————————

प्रदेश के कई ज़िलों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कल बांदा, कुशीनगर, महराजगंज, बलरामपुर ,बहराइच, आगरा ,झांसी, ललितपुर समेत 16 जनपदों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं बुधवार को सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, ललितपुर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)